# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–4180/25 दिनांक 05.05.25

अनुस्मारक–6

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त निजी क्षेत्र नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कार्यालय के पत्र संख्या–3025 / 25 दिनांक 03.04.2025 का संज्ञान लेने का कष्ट करें। इसी क्रम में अवगत कराना है कि कार्यालय के पत्र संख्या–2552 / 25 दिनांक 18.03.2025, पत्र संख्या–2872 / 25 दिनांक 28.03.2025, पत्र संख्या–3169 / 25 दिनांक 07.04.2025, पत्र संख्या–3440 / 25 दिनांक 15.04.2025, पत्र संख्या–3578 / 25 दिनांक 21.04.2025 एवं पत्र संख्या–3869 / 25 दिनांक 28.04.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आपको अवगत कराया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से कराया जायेगा।

उक्त के क्रम में आपको अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–I / 687165 / 2024 दिनांक 08.07.2024 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में निजी कॉलेजों में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है। जिस हेतु विज्ञापन जारी किया जा चुका है। जिसे उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट https:// upsmfac.org पर भी डाल दिया गया है।

साथ ही शासनादेश संख्या–15 / 71–4099 / 1001 / 2022 दिनांक 30.04.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित सभी राजकीय जी0एन0एम0 नर्सिंग कॉलेजों / स्कूलों में प्रवेश भी इसी पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से कराया जायेगा।

अतः जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सके।

भवदीय,

**संलग्नक**–उपरोक्तानुसार।

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

# अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
# Atal Bihari Vajpayee Medical University, Uttar Pradesh

# सूचना बुलेटिन (संशोधित)

## जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) के लिए

# यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी)–2025

## शैक्षणिक सत्र : 2025–26

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित सभी राजकीय जीएनएम नर्सिंग कॉलेजों/स्कूलों
एवं
यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध जीएनएम कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी निजी क्षेत्र के संस्थानों/कॉलेजों के लिए

| | |
|---|---|
| • आवेदन–फॉर्म की उपलब्धता (ऑनलाइन) | : 2 अप्रैल 2025 (बुधवार) |
| • आवेदन की अन्तिम तिथि | : 22 मई 2025 (बृहस्पतिवार) रात 11:59 बजे तक (संशोधित) |
| • फॉर्म संशोधन विण्डो* | : 15 मई 2025 से 22 मई 2025 रात 11:59 बजे तक (संशोधित) |
| • प्रवेश–पत्र की ऑनलाइन उपलब्धता ** | : 4 जून 2025 (बुधवार) |
| • प्रवेश परीक्षा | : 11 जून 2025 (बुधवार) |
| • प्रवेश परीक्षा का स्थान | : प्रवेश–पत्र पर अंकित होगा |
| • परीक्षा परिणाम की तिथि | : वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा |

*फॉर्म में संशोधन की अनुमति केवल सीमित प्रविष्टियों के लिए होगी

**प्रवेश–पत्र की संभावित तिथि

विज्ञापन संख्या : 04/प्रवेश–परीक्षा/एबीवीएमयू/2025

**Website** - www.abvmuup.edu.in

**Email** - abvmuupget2025@gmail.com

**Helpline Contact No:** 9889383770, 9889383774 (10:00 AM-6:00 PM)

संख्या-15/**71-4099/1001/2022**

प्रेषक,

**कृतिका शर्मा**,

विशेष सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक-30.04.2025

विषयः-शैक्षणिक सत्र 2025-26 में GNM पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उ0प्र0 जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी-2025) के माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-प्रशि0प्रको0/जी0एन0एम0/2025/244 दिनांक 09.04.2024 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 09 राजकीय नर्सिंग कालेज के 453 सीटों को सम्मिलित करते हुए जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी-2025) के माध्यम से कराये जाने हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि चिकित्सा अनुभाग-8 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-802/पांच-8-2016-एन(16)/2014 टीसी, दिनांक 23.08.2016 एवं शासनादेश संख्या-123/पांच-8-2016-एन(16)/2014 टीसी, दिनांक 02.03.2022 में उल्लिखित प्राविधानानुसार वर्तमान में उक्त 09 राजकीय नर्सिंग कालेजों में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के आधार पर किया जाता है, जिनका विवरण निम्नवत हैं:-

| क्र0सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | के0जी0एम0यू0 कालेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ। | 77 |
| 2 | स्कूल ऑफ नर्सिंग, बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ। | 23 |
| 3 | एल0एल0आर0 स्कूल ऑफ नर्सिंग, कानपुर। | 67 |
| 4 | यू0एच0एम0 स्कूल ऑफ नर्सिंग, कानपुर। | 35 |
| 5 | एस0आर0एन0एच0 जी0एन0एम0टी0सी0, प्रयागराज | 54 |
| 6 | जी0एन0एम0टी0सी0, जिला चिकित्सालय, गोरखपुर। | 50 |
| 7 | स्कूल ऑफ नर्सिंग एस0बी0वी0पी0 जिला चिकित्सालय, मेरठ। | 66 |
| 8 | स्कूल ऑफ नर्सिंग जिला चिकित्सालय, बरेली। | 23 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | स्कूल ऑफ नर्सिंग एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा | 58 |
| | कुल | 453 |

3- उल्लेखनीय है कि चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-I/566876/2024 दिनांक-22.05.2024 में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु शासन द्वारा 386 निजी क्षेत्र के कालेजों में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की समस्त सीटों पर चयन हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आन लाइन केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया। सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के पत्र दिनांक-27.05.2024 द्वारा किए गये प्रस्ताव के क्रम में शासनादेश संख्या-I/669747/2024 दिनांक 15.06.2024 द्वारा पुनः उक्त निर्गत शासनादेश दिनांक-22.05.2024 का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये।

4- सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के पत्र दिनांक-03.07.2024 द्वारा समयाभाव के दृष्टिगत उपलब्ध कराये प्रस्ताव पर पुनर्विचार करते हुए चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-I/687165/2024 दिनांक-08.07.2024 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश एवं काउन्सिलिंग की प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र 2023-24 की ही भांति यथावत रखते हुए तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में समयान्तर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण कर प्रवेश प्रक्रिया हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतिस्पार्धात्मक परीक्षा के माध्यम से पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

5- अतः महानिदेशक (प्रशिक्षण), उ0प्र0 के पत्र दिनांक -09.04.2024 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रदेश के उक्त 09 राजकीय जी0एन0एम0 स्कूलों को भी सम्मिलित करते हुए जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आन लाइन केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

6- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रस्तर-5 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या-02/प्रवेश परीक्षा/ए0बी0वी0एम0यू0/2025, दिनांक 02.04.2025 में उक्त 09 राजकीय जी0एन0एम0 स्कूलों को भी सम्मिलित किए जाने के सम्बन्ध में यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

उक्त शासनादेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग की सहमति के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय,

(कृतिका शर्मा)
विशेष सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महानिदेशक (प्रशिक्षण), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विभाग, उ0प्र0 को उनके पत्र दिनांक- 09.04.2025 के संदर्भ में।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(चन्द्र शेखर मिश्र)
उप सचिव